प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

1. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति,
   जनपद महराजगंज ।

2. मुख्य चिकित्साधिकारी,
   जनपद महराजगंज ।

पत्रांकः–एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./सहयोगात्मक पर्यवेक्षण/2019–20/ दिनांकः .08.2019

विषयः– राज्य स्तरीय दल द्वारा 23 से 26 जुलाई 2019 तक किये गये पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया एस0पी0एम0यू0 कार्यालय पत्र सं0 SPMU/NHM/M&E/2019-20/18/2867-2 दिनांक 01-07-2019 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके क्रम में, राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 21 से 24 अगस्त 2019 तक जनपद महराजगंज की चिकित्सा इकाईयों का सहयोगात्मक पवर्यवेक्षण किया गया। राज्य स्तरीय दल द्वारा जनपद की चिकित्सा इकाईयों का स्थलीय पर्यवेक्षण के दौरान प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार पर भौतिक एवं वित्तीय भ्रमण आख्या प्रस्तुत की गयी है जो कि पत्र के साथ संलग्न कर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

आपसे अनुरोध है कि सम्बन्धित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नकः **पर्यवेक्षण आख्या–**

भवदीया

(थमीम अंसरिया ए)
अपर मिशन निदेशक

पत्रांकः–एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./सहयोगात्मक पर्यवेक्षण/2018–19/ तद्दिनांक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित–

1. मण्डलायुक्त, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर, उ0प्र0।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चि0स्वा0 एवं प0क0, गोरखपुर मण्डल।
3. अधिशासी अभियन्ता, समस्त महाप्रबन्धक/अनुभागाध्यक्ष, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, गोरखपुर मण्डल को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, माहराजगंज को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(डा0 अश्वनी कुमार)
महाप्रबन्धक राष्ट्रीय कार्यक्रम/
मण्डलीय नोडल – गोरखपुर

Scanned by CamScanner

जनपद महराजगंज की सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या

दिनांक 21.08.2019 से 24.8.2019

दिनांक 21–24 अगस्त 2019 को भ्रमण दल द्वारा जनपद महराजगंज का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। भ्रमण दल के सदस्यों का विवरण निम्नानुसार है:–

1. श्री अरविन्द उपाध्याय, तकनीकि परामर्शदाता परिवार नियोजन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।
2. श्री राजीव कुमार दूबे, कार्यक्रम समन्वयक, वाल स्वास्थ्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।

दिनाक 21.08.2019 को मण्डलीय अपर निदेशक गोरखपुर की अध्यक्षता में के0एम0सी0 अस्पताल में समस्त 12 ब्लाकों के अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के साथ ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के समस्त स्टाफों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गयी जिसमें जनपद स्तर पर संचालित समस्त कार्यक्रमों की भौतिक एवं वित्तिय की गहन समीक्षा की गयी। **विभिन्न कार्यकमों में जनपद स्तरीय व्यय की स्थिति** – जनपद में उपलब्ध बजट के सापेक्ष जुलाई माह तक मात्र 22.70 प्रतिशत धनराशि का व्यय किया जा सका है। विभिन्न कार्यक्रमवार व्यय स्थिति निम्न तालिकानुसार है –

District Program Wise Financial Status Till JULY,2019 [Source- FMR July 19]

Code	Particulars	Dist- Maharajganj		
		Budget	Expense	%
A	Reproductive & Child Health (RCH)	1373.2	344.8	25.11
B	Health Systems Strengthening (HSS)	4040	879.6	21.77
C	R.I. & Pulse Polio Program (RI & PPP)	226.22	98.47	43.53
D	NIDDCP	0	0	0
E	Integrated Disease Surveillance Program (IDSP)	14.54	2.68	18.43
F	National Vector Borne Disease Control Program	20.03	7.16	35.75
G	National Leprosy Eradication Program (NLEP)	4.25	4.06	95.53
H	Revised National Tuberculosis Control Program	332.5	61.34	18.45
I	National Program for Control of Blindness (NPCB)	17.17	0	0
J	National Mental Health Program (NMHP)	6.68	0	0
K	Health Care of the Elderly	8.25	0	0
M	National Tobacco Control Program (NTCP)	17.04	1.4	8.22
O	NPCDCS	94.38	0.2	0.21
P	National Urban Health Mission (NUHM)	45.76	7.89	17.24
	Total :-	**6200.1**	**1408**	**22.7**

जनपद द्वारा डैप के अनुसार ब्लाकों को अवमुक्त की गई धनराशि के सापेक्ष समस्त ब्लाकों द्वारा मात्र 38 प्रतिशत धनराशि का व्यय किया जा सका है। विभिन्न कार्यक्रम एवं ब्लाकवार व्यय स्थिति निम्न तालिकानुसार है –

BlocBlockwise Expenditure against Appoved Budget upto 31July 2019[Source- FMRudget upto 31 July 2019

Block Name	Commited Approved Budget 2019-20	Approved Budget 2019-20	Total Approved Budget 2019-20	Total Expenditure up to 31.07.2019	Balance	%
GHUGHLI	3.76	196.66	200.42	74.32	126.1	37%
MITHAURA	6.67	202.55	209.22	67.04	142.18	32%
NICHLAUL	6.03	234	240.03	72.4	167.63	30%
LAXMIPUR	9.76	198.69	208.45	61.57	146.88	30%
PARTAWAL	3.31	232.97	236.28	69.57	166.71	29%
BAHADURI	10.23	193.87	204.1	59.25	144.85	29%
DHANI	2.4	159.08	161.48	46.47	115.01	29%
PANIYARA	4.74	214.58	219.32	61.51	157.81	28%
RATANPUR	6.19	206.5	212.69	58.48	154.21	27%
SISWA	4.2	233.21	237.41	64.99	172.42	27%
MAHARAJGANJ	9.85	214.79	224.64	60.3	164.34	27%

Scanned by CamScanner

PHARENDA	3.08	200.86	203.94	54.42	149.52	27%
DCH	6.97	636.87	643.84	110.08	533.76	17%
Total-	**77.19**	**3124.6**	**3201.82**	**860.4**	**2341.4**	**27%**

जनपद महाराजगंज की सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की संक्षिप्त आख्या निम्नवत् है –

क्र.	चिकित्सा इकाई	अवलोकन बिन्दु	सुधारात्मक कार्यवाही	कार्यवाही का स्तर
	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, फरेंदा	प्रसव कक्ष में पी0पी0एच0 किट की व्यवस्था नही थी। एच0आर0पी0 रजिस्टर उपलब्ध नही था। प्रसव रजिस्टर में एम0सी0टी0एस0 सं0 का अंकन नही था।	स्टाफ नर्स को निर्देशित किया गया कि वह एच0आर0पी0 रजिस्टर को प्राप्त कर अंकन सुनिश्चित करे। साथ ही प्रसव रजिस्टर पर एम0सी0टी0एस0 सं0 का अंकन अवश्य करें	प्रभारी चिकित्साधिकारी / स्टाफ नर्स
		प्रसव कक्ष में आक्सीटोसिन के लिए रखा गया फ्रिज विगत 02 माह से खराब था जिससे आक्सीटोसिन का कोल्डचैन मैनटेन नही हो पा रहा था।	खराब पडे फ्रिज को तत्काल ठीक कराने हेतु सुझाव दिया गया।	प्रभारी चिकित्साधिकारी / स्टाफ नर्स
		नवजात शिशुओ को विटामिन के0 1 नही लगाया जा रहा था।	सभी नवजात शिशुओ को विटामिन के0 1 लगाने हेतु निर्देशित किया गया।	प्रभारी चिकित्साधिकारी / मुख्य चिकित्सा अधिकारी
		एन0बी0एस0यू0 इकाई क्रियाशील थी परन्तु मात्र 01 स्टाफ नर्स ही पोस्टेड थी।	एन0बी0एस0यू0 इकाई में रिक्त पडें 02 स्टाफ नर्स के पद ही सूचना लिखित रूप में राज्य स्तर को प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया।	प्रभारी चिकित्साधिकारी / मुख्य चिकित्सा अधिकारी
		➢ भ्रमण के दौरान पैथोलॉजी विभाग की दयनीय हालत पर राज्य स्तरीय दल द्वारा चिन्ता व्यक्त की गई थी। दल द्वारा विभाग में फैली गंदगी को दूर करने का सुझाव दिया गया था, किन्तु उसमें कोई सुधार नहीं पाया गया। चारो तरफ गंदगी फैली हुई थी तथा वहां रखे उपकरणों पर जाले तक लगे हुए पाए गए। उसी हालत में ही वहां उपस्थित मरीजो को ब्लड इत्यादि टेस्ट किया जा रहा था। ➢ चिकित्सालय के चारों तरफ गंदगी और धूल फैली हुई थी। कही पर उपयुक्त सफाई नहीं पाई गई।	➢ पैथालॉजिस्ट / कार्यरत कर्मचारियों को चिकित्सालय में साफ–सफाई की उपयोगिता से अवगत कराया गया तथा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि वह चिकित्सा इकाई में सफाई का कार्य पूर्ण कराये।	पैथालॉजिस्ट / प्रभारी चिकित्साधिकारी / सम्बन्धित अनुभाग के कर्मचारी
		➢ एक्स रे कक्ष में उपस्थित टेकिनशियन द्वारा मानक के अनुसार ड्रेस –एप्रेन तथा ग्लब्स का प्रयोग नहीं किया जा रहा था।	राज्य स्तरीय दल द्वारा उनको लेड–एप्रेन तथा ग्लब्स का प्रयोग किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।	एक्स–रे टेक्नीशियन
		➢ आशाओ को भुगतान हेतु बनाये गये रिकार्ड कीपिंग प्रक्रिया पुनः असंतोषजनक स्थिति पाई गई। आशा वाउचर अनियमित रूप से रखे गऐ थे। हांलाकि आशाओं का भुगतान किया जा रहा था तथा कुछ भुगतान प्रक्रियाधीन थे। ➢ प्रसव रजिस्टर पर सूचनायें विधिवत् अंकित नहीं थी। पूर्व की भॉति इस बार भी एम0सी0टी0एस0 संख्या दर्ज नहीं थी। रजिस्टर के अन्त में संक्षिप्त जानकारी प्रपत्र के बारे में उपस्थित स्टाफ नर्सो को भी उचित जानकारी नहीं थी।	राज्य स्तरीय दल द्वारा उपस्थित बी0सी0पी0एम0 व बैम को रिकार्ड कीपिंग प्रक्रिया के बारे में अभिमुखीकृत किया गया। ➢ राज्य स्तरीय दल द्वारा रजिस्टर पूर्ण होने के उपरांत प्रसव सम्बन्धी सम्पूर्ण जानकारी इस प्रपत्र पर अंकित करने हेतु सुझाव दिया गया।	बी0पी0एम0 / बी0सी0पी0एम0 / बी0ए0एम0 / स्टाफ नर्स

Scanned by CamScanner

		➢ रेफरल सिस्टम व्यवस्थित रूप से नहीं पाया गया। ➢ पूर्व भ्रमण की भांति अभी तक एच0आर0पी0 रजिस्टर बना हुआ नहीं पाया गया।	➢ रेफरल सिस्टम को सुदृढ किये जाने हेतु सुझाव दिया गया। ➢ राज्य स्तरीय दल द्वारा एच0आर0पी0 रजिस्टर का महत्व बताते हुए, उपस्थित स्टाफ नर्सो को एच0आर0पी0 रजिस्टर बनाकर उसमें सम्बन्धित सूचनाएं अंकित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिससे अगले माह के भ्रमण के दौरान रजिस्टर उपलब्ध हो सके।	
	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, परतावल	➢ प्रसव रजिस्टर, एच0आर0पी0 रजिस्टर, स्टाक रजिस्टर एवं इन्डोर रजिस्टर बनाये गये थे, किसी में भी एम0सी0टी0एस0 सं0 दर्ज नहीं पाई गई। ➢ प्रति माह 9 तारीख को होने वाले प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस के अन्तर्गत चिन्हित एच0आर0पी0 महिलाओं की सूचना माह फरवरी, 2018 के पश्चात अंकित ही नहीं की गयी। ➢ प्रसव हेतु कैलिसपैड पंचर था, तथा ऐसे ही गर्भवती महिलाओं के प्रसव हेतु उपयोगित किया जा रहा था, ➢ प्रसव कक्ष के गलियारे में पर्याप्त रोशनी का अभाव था।	➢ राज्य स्तरीय दल द्वारा पुनः उपस्थित स्टाफ नर्सो को एम0सी0टी0एस0 सं0 का महत्व बताते हुए सभी रजिस्टरों में एम0सी0टी0एस0 सं0 दर्ज करने, रजिस्टर के अंत में दिए गए मासिक सारांश प्रपत्र को अलग से शीट बनाने तथा मासिक आधार पर उसको नियमित रूप से अंकित करने तथा पाई गई कमियों को दूर करने का सुझाव दिया गया। ➢ स्टाफ नर्स सुश्री रानी, सुश्री अल्का एड्वोज, सुश्री सुशीला देवी तथा सुश्री लक्ष्मी गुप्ता को अभिमुखीकृत करते हुए समस्त सूचनाओं को विधिवत अंकित करने एवं नवीन कैलिस पैड का प्रयोग करने हेतु हेतु सुझाव दिया गया। ➢ बी0पी0एम0 / बी0सी0पी0एम / बी0ए0एम0 को चिकित्सालय परिसर में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया।	बी0पी0एम0 / बी0सी0पी0एम / बी0ए0एम0 / स्टाफ नर्स / प्रभारी चिकित्साधिकारी
		के0एम0सी0 कक्ष ➢ कक्ष में भर्ती मरीजों द्वारा उपयोगित किये जाने वाला शौचालय बंद पाया गया। पूछने पर दल को संतोषजनक उत्तर प्राप्त नही हुआ। **प्रयोगशाला** ➢ प्रयोगशाला में गंदगी फैली हुई थी। प्रयोगशाला में रखी गयी अलमारी के अन्दर कागजों आदि पर, फ्रिज आदि पर घूल जमा थी। **एक्स रे कक्ष** ➢ एक्स रे कक्ष में में भी साफ–सफाई का अभाव था। ➢ एक्स–रे टेक्नीशियन द्वारा लेड अप्रेन का प्रयोग नहीं किया जा रहा था। पूँछने पर बताया कि वह लेड अप्रेन के लाभों का जानता है। परन्तु वह हमेशा उसे पहने नहीं रह सकता है।	➢ राज्य स्तरीय दल द्वारा शौचालय को तुरन्त साफ करवाकर खुलवाने हेतु निर्देशित किया गया। ➢ सम्बन्धित को साफ–सफाई करवाना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। सम्बन्धित कर्मचारियों द्वारा आश्वासन दिया गया कि वह यथाशीध्र साफ–सफाई करा लेंगे।	सम्बन्धित कर्मचारी / प्रभारी चिकित्साधिकारी

Scanned by CamScanner

	नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, इंदिरा नगर कारोलडेला,	➢ चिकित्सा इकाई में प्रदान की जाने वाली सेवाओ प्रसव रजिस्टर में एम0सी0टी0एस0 सं0 अंकित की जा रही है किन्तु अभी भी रजिस्टर के अंत में दिए गए मासिक सारांश प्रपत्र पर मासिक अंकन नही किया जा रहा था। ➢ एच0आर0पी0 रजिस्टर, स्टाक रजिस्टर एवं इन्डोर रजिस्टर उपलब्ध नहीं था। ➢ पूर्व भ्रमण में दिए गए सुझावों के कम में इस बार रिकार्ड व्यवस्थित पाये गये। ➢ प्रसव कक्ष में साफ सफाई पाई गई। ट्रे सिस्टम व्यवस्थित रूप से पाया गया। प्रसव कक्ष में आई0ई0सी0 व्यवस्थित रूप से लगाई गई थी। ➢ महिलाओं को लगने वाली आई0यू0सी0डी सम्बन्धी जानकारी सम्बन्धित रजिस्टर में व्यवस्थित रूप से भरी नहीं जा रही थी। ➢ प्रसव कक्ष हेतु नवीन 01 रेडिएण्ट वार्मर 02 वर्षो से रखा हुआ था जिसको क्रियाशील नही किया था।	➢ उक्त रजिस्टर उपलब्ध कराने के लिए जिला कार्यक्रम प्रबन्धक को निर्देशित किया गया। ➢ उपस्थित स्टाफ नर्स को निर्देशित किया गया कि वह समस्त जानकारी रजिस्टर में व्यवस्थित रूप से अवश्य अंकित करें। ➢ नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में आक्सीटोसिन इंजेक्शन दिशा निर्देशानुसार रखने हेतु सुझाव दिया गया। ➢ प्रसव कक्ष हेतु नवीन 01 रेडिएण्ट वार्मर को तत्काल क्रियाशील करने हेतु निर्देशित किया गया।	स्टाफ नर्स/ डी0पी0एम0

क्र.	चिकित्सा इकाई	अवलोकन बिन्दु	सुधारात्मक कार्यवाही	कार्यवाही का स्तर
	ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस :- ग्राम करमहा, महाराजगंज	माइक्रोप्लान के अनुसार, ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस का आयोजन ए0एन0एम0 सब सेन्टर पर किया जा रहा था।		
		सत्र स्थल पर ड्यू लिस्ट उपलब्ध थी। सत्र स्थल पर समस्त आवश्यक टीके उपलब्ध थे।		
		सत्र स्थल पर माइक्रोंप्लान उपलब्ध नहीं था।	उक्त के सम्बन्ध में ए0एन0एम0 को निर्देशित किया गया कि आगामी सत्र से सत्र का माइक्रोप्लान अपने साथ अवश्य रखे।	सम्बन्धित कर्मचारी/प्रभारी चिकित्साधिकारी
		आशा द्वारा समुदाय को परिवार नियोजन की सेवायें उपलब्ध नही करायी जा रही है।	आशा द्वारा समुदाय को परिवार नियोजन की सेवायें उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।	बी0सी0पी0एम0
		आशा के पास एच0बी0एन0सी0 किट उपलब्ध नही थी।	आशा द्वारा समुदाय को परिवार नियोजन की सेवायें उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।	बी0सी0पी0एम0

Arvind Upadhyay
Consultant-FP
SPMU-NHM.

Scanned by CamScanner

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

1. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति,
जनपद महराजगंज ।

2. मुख्य चिकित्साधिकारी,
जनपद महराजगंज ।

पत्रांकः—एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./सहयोगात्मक पर्यवेक्षण/2019—20/ दिनांकः .08.2019

विषयः— राज्य स्तरीय दल द्वारा 23 से 26 जुलाई 2019 तक किये गये पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया एस0पी0एम0यू0 कार्यालय पत्र सं0 SPMU/NHM/M&E/2019-20/18/2867-2 दिनांक 01-07-2019 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके क्रम में, राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 21 से 24 अगस्त 2019 तक जनपद महराजगंज की चिकित्सा इकाईयों का सहयोगात्मक पवर्यवेक्षण किया गया। राज्य स्तरीय दल द्वारा जनपद की चिकित्सा इकाईयों का स्थलीय पर्यवेक्षण के दौरान प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार पर भौतिक एवं वित्तीय भ्रमण आख्या प्रस्तुत की गयी है जो कि पत्र के साथ संलग्न कर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

आपसे अनुरोध है कि सम्बन्धित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नकः **पर्यवेक्षण आख्या—**

भवदीया

(थमीम अंसरिया ए)
अपर मिशन निदेशक

पत्रांकः—एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./सहयोगात्मक पर्यवेक्षण/2018—19/ तद्दिनांक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित—

1. मण्डलायुक्त, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर, उ0प्र0।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चि0स्वा0 एवं प0क0, गोरखपुर मण्डल।
3. अधिशासी अभियन्ता, समस्त महाप्रबन्धक/अनुभागाध्यक्ष, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, गोरखपुर मण्डल को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, माहराजगंज को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(डा0 अश्वनी कुमार)
महाप्रबन्धक राष्ट्रीय कार्यक्रम/
मण्डलीय नोडल — गोरखपुर

Scanned by CamScanner